## कार्यालय अध्यक्ष नीलामी समिति जनपद न्यायालय औरैया।

### कार्यालय विज्ञप्ति

### सार्वजनिक नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय जनपद न्यायाधीश, औरैया की स्वीकृति आदेश दिनांक–03.11.2025 के अनुपालन में दीवानी न्यायालय औरैया में अनुपयोगी सामग्री जिसमें लोहे का सामान, प्लास्टिक का सामान तथा लकड़ी का सामान सम्मिलित है। जिसके अनुमानित कीमत क्रमशः 18,450,/–रुपये, 480/–रुपये तथा 1,240/–रुपये स्थानीय बाजार के अनुसार कुल कीमत 20,170/–रुपये निश्चित की गयी है।

नीलामी हेतु दिनांक–10.11.2025 निश्चित की जाती है।

नीलामी में सम्मिलित होने वाले व्यक्ति/प्रतिष्ठान उपरोक्त सामान की बोली बोलने के लिये 5,000/–रुपये (पांच हजार रुपये) की अग्रिम धनराशि केन्द्रीय नजारत में दिनांक–10.11.2025 को अपरान्ह 01.00 बजे तक जमा करनी होगी।

तदोपरान्त जनपद न्यायालय परिसर, औरैया में समिति की उपस्थिति में दिनांक–10.11.2025 को समय सायः 4.30 बजे बोली बोली जायेगी। अन्तिम बोली दाता के पक्ष में नीलामी सम्पन्न होने के पश्चात नीलामी में भाग लेने वाले नीलामी दाता के पक्ष में सम्पूर्ण सामग्री माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के अनुमोदन के पश्चात छोड़ दी जायेगी और नीलामी की समस्त धनराशि अन्तिम बोली दाता द्वारा केन्द्रीय नजारत में जमा की जायेगी।

तदोपरान्त सूची में वर्णित समस्त सामाग्री/सामान अन्तिम बोलीदाता को दे दिया जायेगा।

नीलामी की अन्तिम बोली स्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश, औरैया को होगा। माननीय जनपद न्यायाधीश, औरैया द्वारा बिना कोई कारण बताये व विशेष परिस्थितियों में उच्चतम बोली को भी अस्वीकार तथा सम्पूर्ण नीलामी को निरस्त किया जा सकता है।

04.11.25

( अध्यक्ष, नीलामी समिति )/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कक्ष संख्या–03, औरैया।

पत्रांक– 126 /नजा०अनु०/औरैया    दिनांक–नवम्बर, 04 2025

प्रतिलिपि–

1. माननीय जनपद न्यायाधीश, औरैया को सूचनार्थ प्रेषित।
2. दीवानी न्यायालय औरैया के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।
3. सदर नाजिर, कलेक्ट्रेट औरैया को सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु ।
4. नगर पालिका परिषद औरैया के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।
5. जिला सूचना अधिकारी, औरैया को एक प्रतिलिपि वास्ते सभी समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु ।
6. सिस्टम ऑफीसर को वास्ते माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं जिला न्यायालय औरैया की वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

04.11.25

( अध्यक्ष, नीलामी समिति )/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कक्ष संख्या–03, औरैया।